उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## बुधवार, 19 फाल्गुन, शक संवत्, 1931
**( दिनांक : 10 मार्च, 2010 )**

**समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न**

1. अल्पसूचित प्रश्न (देखिए नत्थी **"क"**)।
2. प्रश्न (देखिए नत्थी **"ख" तथा "ग"**)।
3. निधन के निदेश।
4. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।
5. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।
6. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।
7. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।
8. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड अनानुदानित निजी व्यावसायिक शिक्षण संस्थाओं (प्रवेश तथा शुल्क निर्धारण विनियम) (संशोधन) विधेयक, 2010 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।
9. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड अनानुदानित निजी व्यावसायिक शिक्षण संस्थाओं (प्रवेश तथा शुल्क निर्धारण विनियम) (संशोधन) विधेयक, 2010 को पुरःस्थापित करेंगे।
10. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।
11. श्री केदार सिंह फोनिया द्वारा प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा जारी :-

    "यह सदन महामहिम राज्यपाल को उनके द्वारा दिनांक 08 मार्च, 2010 को दिए गये अभिभाषण के लिए कृतज्ञतापूर्वक धन्यवाद प्रकट करता है।"

    (प्रस्ताव में संशोधनों के लिए देखिए नत्थी **"घ"**)
12. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

**आज्ञा से,**

**देहरादून :**
**दिनांक : 10 मार्च, 2010**

**(महेश चन्द्र)**
**प्रमुख सचिव।**

प्रथम सत्र, 2010
का प्रथम बुधवार

उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## बुधवार, 19 फाल्गुन, शक संवत्, 1931

## ( दिनांक : 10 मार्च, 2010 )

## नत्थी "क"

## अल्पसूचित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री जोत सिंह गुनसोला<br>18.02.2010 | ** क्या नगर विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि ईको टैक्स से मसूरी नगर पालिका परिषद को अब तक कितनी आय हुई है तथा उक्त ईको टैक्स से पर्यावरण को बेहतर व प्रदूषण मुक्त करने हेतु कितना धन व्यय किया गया हैं? क्या प्रदेश की अन्य नगर पालिकाओं, परिषदों व नगर पंचायतों द्वारा भी ईको टैक्स लगवाकर अपनी-अपनी निकायों को पर्यावरण प्रदूषण मुक्त करेंगी? यदि नहीं, तो क्या सरकार अतिरिक्त धन की व्यवस्था हेतु विचार करेंगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **नगर विकास** |

# नत्थी ''ख''

**उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रकिया तथा कार्य संचालन नियमावली 2005 के नियम 40 (2) के अन्तर्गत प्रथम बुधवार हेतु स्थगित तारांकित प्रश्न**

श्रीमती अमृता रावत
19.06.2009

*1. विधान सभा के तृतीय सत्र, 2008 के लिए निर्धारित प्रश्नकर्ता के तारांकित प्रश्न संख्या–03 के उत्तर के कम में क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि गढ़वाल मण्डल विकास निगम लि0 द्वारा मसूरी में पार्किंग हेतु भूमि कय करने के लिए समाचार पत्रों में विज्ञप्ति जारी कर निविदाएं आमंत्रित न करने के प्रति अब तक क्या कार्यवाही की गई है और इसके लिए किस अधिकारी/कर्मचारी को दोषी पाया गया है?

पर्यटन

श्री गणेश जोशी
09.06.2009

*2. क्या नगर विकास मंत्री अवगत हैं कि देहरादून में आवासीय परिसरों में डेयरी फार्म संचालित किये जा रहे हैं? क्या यह सत्य है कि इन डेयरी फार्मों से न सिर्फ आस–पास का वातावरण प्रदूषित हो रहा है बल्कि मच्छरों व मक्खियों के प्रकोप के कारण भयानक बीमारियां पैदा हो रही हैं? यदि हां, तो क्या सरकार आवासीय परिसरों में डेयरी संचालन के रोकथाम के लिए कोई कारगर कदम उठाने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

नगर विकास

श्री सुरेन्द्र राकेश
15.06.2009

*3. क्या खाद्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि देहरादून एवं हरिद्वार जनपद में कामर्शियल गैस सिलेण्डर की विगत छः महीनों में प्रत्येक पखवाड़े की आपूर्ति का विवरण क्या है? क्या यह सत्य है कि हरिद्वार एवं देहरादून में व्यवसायिक प्रतिष्ठानों एवं औद्योगिक इकाईयों में घरेलू गैस सिलेन्डरों का उपयोग हो रहा है? यदि हाँ, तो इसके रोकथाम के लिए क्या उपाय किए गए हैं तथा विगत छः माह में कितने प्रतिष्ठानों/इकाईयों को दण्डित किया गया है?

खाद्य

श्री गणेश जोशी
11.11.2009

*4. क्या नगर विकास मंत्री अवगत हैं कि देहरादून जनपद में सरकारी भूमि/नदी खालों पर अतिकमण लगातार जारी है? यदि हां, तो क्या सरकार सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे हटाने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

नगर विकास

# नत्थी "ग"

## तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह<br>20.01.2010 | *1. क्या खाद्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में रसोई गैस की आपूर्ति सुचारू रूप से की जा रही हैं? यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि वर्तमान में प्रदेश में कामर्शियल गैस कनेक्शनों की क्या स्थिति हैं? क्या यह सत्य है कि प्रदेश में घरेलू गैस की आपूर्ति कामर्शियल गैस के स्थान पर हो रही है? यदि हां, तो इसे रोकने के लिए सरकार द्वारा अब तक क्या कार्यवाही की गई? यदि नहीं, तो क्यों? | खाद्य |
| श्री शेर सिंह गढ़िया<br>20.01.2010 | *2. क्या खाद्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के पर्वतीय जिलों में जिलेवार कुल कितने खाद्यान्न की वर्तमान में आवश्यकता है तथा उसके सापेक्ष कितना खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि चीनी, चावल निर्धारित कोटे के अनुरूप आवंटन किया जा रहा है? यदि हां, तो जनपद वार मासिक आवंटन का विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | खाद्य |
| श्री सुरेन्द्र राकेश<br>21.01.2010 | *3. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड के मैदानी एवं पर्वतीय क्षेत्रों में चकबन्दी प्रकिया प्रारम्भ कर दी गयी हैं? यदि नहीं, तो क्या सरकार चकबन्दी प्रक्रिया प्रारम्भ करेगी? | राजस्व |
| श्री प्रीतम सिंह<br>25.01.2010 | *4. क्या खाद्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि महाकुंभ हरिद्वार में सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान आवंटन की सरकार द्वारा कोई नीति बनाई गई थी? यदि हां, तो क्या महाकुंभ में सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानों का आवंटन तद्नुसार किया गया? यदि नहीं, तो क्यों? | खाद्य |
| डा0 शैलेन्द्र मोहन सिंघल<br>27.01.2010 | *5. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि नगर पालिका परिषदों एवं नगर पंचायतों पर ऊर्जा निगम की कितनी देनदारी है तथा इसके भुगतान के लिये सरकार की क्या योजना हैं? | शहरी विकास |
| श्री जोत सिंह गुनसोला<br>02.02.2010 | *6. क्या आबकारी मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में वर्ष 2009–10 में आबकारी नीति के अन्तर्गत फुटकर दुकानों पर जिलेवार अब तक कुल कितनी बिक्री हुई तथा कितना एक्साइज कर का भुगतान किया गया है? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि वर्ष 2009–10 में आबकारी विभाग के द्वारा कुल कितनी धनराशि की अवैध शराब पकड़ी गई है? | आबकारी |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री जोत सिंह गुनसोला<br>05.02.2010 | *7. | क्या राजस्व एवं भू–प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य गठन वर्ष से 2009 तक किन–किन वर्गो की भूमि का प्रबन्धन किया गया है तथा किन–किन जिलों में इस प्रकार की भूमि को भू–प्रबन्धन अभिलेखों में सम्मिलित किया गया है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि क्या कृषकों को वर्ग 4 तथा वर्ग 4 'क' की भूमि का लाभ मिल रहा है? यदि नहीं, तो क्यों? | राजस्व |
| **श्री जोत सिंह गुनसोला<br>05.02.2010** | *8. | अस्पष्टता के आधार पर निरस्त। | **सैनिक कल्याण** |
| श्री गणेश जोशी<br>10.02.2010 | *9. | क्या नगर विकास मंत्री अवगत हैं कि महानगर देहरादून की 175 मलिन बस्तियां आज भी विनियमितिकरण न हो पाने के कारण अवैध बनी हुई है? क्या यह भी सत्य है कि मलिन बस्तियों को मालिकाना हक दिये जाने हेतु सरकार द्वारा कोई समिति गठित किए जाने की जानकारी नगर विकास विभाग को हैं? यदि हां, तो क्या समिति द्वारा अब तक की प्रगति रिपोर्ट सरकार को प्राप्त हुई है? यदि हां, तो क्या तथा उस पर क्या कार्यवाही की गई है? | नगर विकास |
| श्री गणेश जोशी<br>10.02.2010 | *10. | क्या नगर विकास मंत्री अवगत हैं कि देहरादून जनपद में नगर निगम की भूमि/नदी खालों पर अतिक्रमण बदस्तूर जारी है? यदि हां, तो क्या यह सत्य है कि अतिक्रमित उक्त भूमि ऊंची पहुंच रखने वालों के कब्जें में है जिन पर या तो उनके व्यवसायिक प्रतिष्ठान चल रहे है या प्लाटिंग कर बेचा जा रहा है? यदि हां, तो क्या सरकार अवैध कब्जाधारियों से उक्त जमीनों के कब्जे हटाने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | नगर विकास |
| श्री किशोर उपाध्याय<br>16.02.2010 | *11. | क्या आबकारी मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या सरकार राज्य में शराब बंदी (मद्य निषेध) हेतु नीति का निर्धारण करने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक नीति निर्धारित कर दी जाएगी? यदि नहीं, तो क्यों? | तृतीय मंगलवार के तारांकित 01 में स्था0 |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>16.02.2010 | *12. | क्या राजस्व मंत्री अवगत हैं कि पर्वतीय क्षेत्रों में कानूनी कार्यो को पटवारियों द्वारा राजस्व पुलिस के रूप में संचालित किया जाता है? क्या यह सत्य है कि लम्बे समय से पटवारियों द्वारा कार्य बहिष्कार किये जाने के कारण केवल एक नायब तहसीलदार द्वारा ही सारे कानूनी कार्य बिना साधनों के कराये जा रहें है? यदि हां, तो क्या सरकार पटवारियों की कार्य बहिष्कार हड़ताल को समाप्त करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | राजस्व |

| | | |
|---|---|---|
| कुंवर प्रणव सिंह "चैम्पियन"<br>17.02.2010 | ***13.** क्या गन्ना विकास मंत्री अवगत हैं कि गन्ने की फसल पर तोल के दौरान 1½ % (डेढ़ प्रतिशत) कटौती काटी जाती है? यदि हां, तो गन्ना तोल मापन में उक्त कटौती करके किसानों को नुकसान पहुंचाये जाने का क्या आधार है? क्या सरकार कृषक हित में गन्ने की 1½ % कटौती को समाप्त करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **गन्ना** |

## अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री सुरेन्द्र राकेश<br>20.01.2010 | **1.** क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि हरिद्वार जनपद के अन्तर्गत गांव पंचायत की कितनी सरकारी भूमि है एवं उक्त भूमि में कितनी भूमि पर कब से अवैध कब्जे है? क्या सरकार सरकारी भूमि से अवैध कब्जे हटाने पर विचार करेंगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **राजस्व** |
| श्री राजेश जुवांठा<br>21.01.2010 | **2.** क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि जनपद उत्तरकाशी के पुरोला विधान सभा क्षेत्र के विकास खण्ड मोरी के बराड़सर, केदारकांठा, देवक्यारा, बुग्याल, हरकीदून व विकास खण्ड नौगांव में सरनताल, भुजेलाताल आदि पर्यटक एवं रमणीय स्थल हैं? यदि हां, तो सरकार इनके विकास के लिए क्या कदम उठा रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | **पर्यटन** |
| श्री यशपाल बेनाम<br>22.01.2010 | **3.** क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी में, पौड़ी ब्लॉक के ल्वाली नामक स्थान में झील निर्माण का प्रकरण विचाराधीन है? यदि हां, तो कब तक उक्त झील का निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा? | **पर्यटन** |
| श्री प्रीतम सिंह<br>22.01.2010 | **4.** क्या गन्ना विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में गन्ना किसानों को घटतोली से बचाने के लिए क्या सरकार कम्प्यूटरीकृत कांटें स्थापित करने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक कम्प्यूटरीकृत कांटे स्थापित कर दिये जायेंगे? यदि नहीं, तो क्यों? | **गन्ना** |
| डा0 शैलेन्द्र मोहन सिंघल<br>28.01.2010 | **5.** क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि नगर पालिका परिषदों एवं नगर पंचायतों में अधिशासी अधिकारी, अवर अभियन्ता व सफाई निरीक्षक के पद रिक्त हैं? क्या सरकार रिक्त पदों को भरने हेतु विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? | **शहरी विकास** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री यशपाल बेनाम<br>03.02.2010 | **6.** क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या सरकार नगर पालिका अध्यक्षों के चुनाव पूर्व की भांति जनता द्वारा ही करायेगी या चुने गये सदस्यों द्वारा अध्यक्ष को चुने जाने पर सरकार विचार कर रही है? यदि हां, तो क्यों? | **शहरी विकास** |
| श्री यशपाल बेनाम<br>04.02.2010<br>श्रीमती अमृता रावत<br>19.02.2010 | **7.** क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या सरकार जनपद पौड़ी गढ़वाल के वि0ख0 द्वारीखाल के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सतपुली को नगर पंचायत बनाये जाने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **शहरी विकास** |
| श्री जोत सिंह गुनसोला<br>05.02.2010 | **8.** क्या खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कुल कितने बी0पी0एल0/ए0पी0एल0 कार्ड धारक है तथा कुल यूनिट कितने है? क्या मंत्री जी जिलेवार सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेंगे? | **खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति** |
| डा0 शैलेन्द्र मोहन सिंघल<br>09.02.2010 | **9.** क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि जसपुर ऊधमसिंह नगर में बन रहे वाइल्ड फाउल मोटल का निर्माण कार्य काफी समय से बन्द है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त मोटल का कार्य पुनः प्रारम्भ करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **पर्यटन** |
| श्री गणेश जोशी<br>15.02.2010 | **10.** क्या शहरी विकास मंत्री अवगत हैं कि देहरादून में नगर निगम राज्य का एकमात्र नगर निगम है? यदि हां, तो क्या यह भी सत्य हैं कि नगर निगम के डिप्टी मेयर एवं पार्षदगणों को कोई भी मानदेय या भत्ते नहीं दिये जाते? यदि हां, तो क्या सरकार नगर निगम के डिप्टी मेयर एवं पार्षदगणों को मानदेय एवं भत्ता दिये जाने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **शहरी विकास** |
| श्री मयूख महर<br>16.02.2010 | **11.** क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि पर्यटन विभाग पिथौरागढ़ द्वारा 'मड़ पर्यटक' स्थल हेतु 9 लाख रू0 स्वीकृत किये गये थे व उक्त राशि का कार्य ठेकेदार द्वारा अनुबन्ध के अनुरूप पूर्ण किया जा चुका है? क्या यह सत्य है कि विभाग, भुगतान की द्वितीय किश्त को अवमुक्त नहीं कर रहा है? क्या विभाग कार्य के भुगतान हेतु द्वितीय किस्त जारी करेगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **पर्यटन** |
| श्री मयूख महर<br>16.02.2010 | **12.** क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के डीडीहाट तहसील में साहसिक पर्यटन केन्द्र खोलने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है? यदि हां, तो उक्त केन्द्र का प्रारम्भ कब तक किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **पर्यटन** |

श्रीमती अमृता रावत
16.02.2010

**13.** क्या खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के ग्रामीण क्षेत्रों में घरेलू रसोई गैस सिलेण्डरों की आपूर्ति नियमित एवं व्यवस्थित रूप से न हो पाने के कारण ग्रामीण उपभोक्ताओं को कठिनाईयों से जूझना पड़ रहा है? यदि हां, तो इसके कारण क्या है तथा इस अव्यवस्था के प्रति कौन उत्तरदायी है? क्या यह भी सत्य है कि घरेलू रसोई गैस सिलेण्डरों की आपूर्ति हेतु वितरण केन्द्रों का विस्तार न किए जाने के कारण उपभाक्ताओं को गैस सिलेण्डरों की आपूर्ति के लिए अतिरिक्त धनराशि देनी पड़ती है? यदि हां तो वितरण केन्द्रों का विस्तार करवाने के संबंध में अब तक की गई कार्यवाही और हुई प्रगति का विवरण क्या है तथा कब तक प्रस्तावित वितरण केन्द्रों पर गैस सिलेण्डरों की आपूर्ति प्रारम्भ किए जाने की सम्भावना हैं?

श्रीमती अमृता रावत
16.02.2010

**14.** क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड पोखड़ा तथा एकेश्वर के किन–किन स्थानों पर स्थित मन्दिरों के सौदर्यीकरण/ जीर्णोद्वार हेतु प्रस्ताव सरकार को प्राप्त हुए है तथा इन प्रस्तावों में प्रस्तावित मन्दिरों के सौन्दर्यीकरण/जीर्णोद्वार हेतु अब तक की गई कार्यवाही एवं हुई प्रगति का विवरण क्या है? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि प्रस्तावित मन्दिरों के सौन्दर्यीकरण हेतु सरकार की क्या योजना है?

**पर्यटन**

श्री खड़क सिंह बोहरा
17.02.2010

**15.** क्या खाद्य मंत्री अवगत हैं कि नैनीताल जनपद के कोटाबाग क्षेत्र के उपभोक्ताओं की रसोई गैस की भारी समस्या को देखते हुये, कोटाबाग क्षेत्र में एक गैस गोदाम का निर्माण पिछले वर्षों में कुमांऊ मण्डल विकास निगम द्वारा कराया गया था, जो आज तक प्रारम्भ नहीं किया गया है? यदि हां, तो कब तक गैस गोदाम को सुचारू रूप से प्रारम्भ किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

**खाद्य**

श्री खड़क सिंह बोहरा
17.02.2010

**16.** क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि नैनीताल जनपद में पर्यटन के लिए तेजी से विकसित हो रहे नगर भीमताल से कड़कोटक धार तक पर्यटकों को हिम दर्शन, पर्वतों के सुन्दर प्राकृतिक सौन्दर्य को निहारने, पौराणिक नाग देवता मंदिर, ऐतिहासिक दत्तात्रेय आश्रम एवं गुफा आदि को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने हेतु रज्जू मार्ग निर्माण की किसी योजना पर सरकार द्वारा विचार किया जा रहा है? यदि हां, तो इस सम्बन्ध में कब तक कार्यवाही की जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

**पर्यटन**

श्री खड़क सिंह बोहरा
17.02.2010

**17.** क्या खाद्य मंत्री अवगत हैं कि नैनीताल जनपद की तहसील कोश्यांकुटोली के ग्राम मझेड़ा में कई वर्षो पूर्व विभाग द्वारा एक खाद्य गोदाम का निर्माण कराया गया था, जो आज तक प्रारम्भ नहीं किया गया है? यदि हां, तो कब तक इस खाद्य गोदाम को सुचारू रूप से प्रारम्भ किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

**खाद्य**

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री गणेश जोशी<br>17.02.2010 | **18.** | क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा शंहशाही आश्रम, राजपुर से मसूरी तक रोप–वे निर्माण की कोई योजना बनायी गयी है? यदि हां, तो इस योजना को कब तक प्रारम्भ किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **पर्यटन** |
| श्री गोपाल सिंह राणा<br>17.02.2010 | **19.** | क्या शहरी विकास मंत्री अवगत हैं कि जिला उधमसिंह नगर के खटीमा शहर के मध्य बहने वाले ऐंठा नाला तथा खटीमा नगर के उत्तर की सीमा में बहने वाली खकरा नदी के कारण प्रत्येक बरसात में नगर में तबाही होती है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त नदियों की सफाई हेतु कोई कार्य योजना बना रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **शहरी विकास** |
| श्री जोत सिंह गुनसोला<br>18.02.2010 | **20.** | क्या नगर विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश की स्थानीय निकायों के कूड़ा निस्तारण के लिए कोई योजना स्वीकृत की गई है? यदि हां, तो मसूरी नगर पालिका परिषद द्वारा अन्तिम कूड़ा निस्तारण के लिय स्वीकृत योजना के धन का सदुपयोग कब तक कर लिया जायेगा तथा उक्त योजना का लाभ कब तक मसूरीवासियों को मिलेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **नगर विकास** |
| श्री जोत सिंह गुनसोला<br>18.02.2010 | **21.** | क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पुरूकुल गांव से मसूरी को जाने वाले रोपवे को पी0पी0पी0 मोड़ में स्वीकृत कार्य को आरम्भ कर दिया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | **पर्यटन** |
| श्री राजेश जुवांठा<br>22.01.2010 | **22.** | क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में भूमिहीन अनुसूचित जाति के लोगों को सरकार भूमि उपलब्ध करवाने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **राजस्व** |

उत्तराखण्ड विधान सभा

# नत्थी "घ"

## श्री राज्यपाल के अभिभाषण के लिए धन्यवाद प्रस्ताव में संशोधन।

**क्र.सं. प्रस्तावक का नाम**

1. डा0 हरक सिंह रावत,
   नेता प्रतिपक्ष
2. श्री प्रीतम सिंह,
3. श्री महेन्द्र सिंह माहरा,
4. श्री गोविन्द सिंह कुंजवाल,
5. श्रीमती अमृता रावत,
6. श्री दिनेश अग्रवाल,
7. श्री जोत सिंह गुनसोला,
8. श्री रणजीत सिंह रावत,
9. श्री तिलक राज बेहड़
10. श्री किशोर उपाध्याय,
11. श्री गोपाल सिंह राणा,
12. कुंवर प्रणव सिंह 'चैम्पियन'
13. डा0 शैलेन्द्र मोहन सिंघल,
14. श्री करन माहरा,
15. श्री मनोज तिवारी,
16. श्री मयूख महर,

**संशोधन का रूप**

प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ दिया जाए:-
"किन्तु खेद है कि श्री राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में निम्नलिखित का कोई उल्लेख नहीं किया है :-

1. प्रदेश में रिक्त 56 हजार पदों को भरने हेतु कोई संकल्प का उल्लेख,
2. प्रदेश में प्रशिक्षित बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए कार्ययोजना बनाये जाने,
3. प्रदेश में व्याप्त भयानक पेयजल संकट के समाधान के लिए व्यापक कार्य योजना बनाये जाने,
4. प्रदेश में लगातार हो रही विद्युत कटौती रोकने एवं ऊर्जा की कमी को दूर करने के लिए व्यापक कार्ययोजना बनाये जाने,
5. प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों में चिकित्सकों की कमी दूर करने तथा ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों को सुलभ स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध कराये जाने,
6. प्रदेश में पुलिस सुधार लागू करने हेतु उप निरीक्षक तथा उससे निम्न पदों पर कार्यरत कर्मचारियों की पदोन्नति किये जाने,
7. प्रदेश में शिक्षा विभाग में दूरस्थ क्षेत्रों में स्थित विद्यालयों में शिक्षकों की तैनाती किये जाने,
8. प्रदेश के शिक्षा विभाग में लिपिकीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की पदोन्नति किये जाने,
9. प्रदेश के प्रत्येक विधान सभा क्षेत्र में नई सड़कों का निर्माण पुरानी सड़कों के सुदृढ़ीकरण एवं डामरीकरण किये जाने,
10. प्रदेश में मदरसों और संस्कृत महाविद्यालय को अनुदान दिये जाने,
11. प्रदेश में उद्योगों की स्थापना तथा उद्योगपतियों को आकर्षित करने के लिए योजना बनाये जाने,
12. प्रदेश में पर्वतीय क्षेत्रों में पेयजल की आपूर्ति के लिए पम्पिंग योजनाओं का निर्माण किये जाने,
13. प्रदेश में पर्यटन के क्षेत्र में स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार दिये जाने,

14. प्रदेश में स्वास्थ्य उप केन्द्रों में डिप्लोमा फार्मेसिस्टों की नियुक्ति करने,
15. प्रदेश में जवाहरलाल नेहरू शहरी नवीनीकरण योजना में प्रदेश के नगरों को सम्मिलित किये जाने,
16. राज्य में परिवहन निगम की स्थिति सुधारने एवं नई बसों की खरीद किये जाने,
17. राज्य में नये शहरों में आई0एस0बी0टी0 निर्माण एवं यात्री सुविधाओं का विस्तार किये जाने,
18. राज्य में नये विद्यालयों का सृजन एवं पूर्व संचालित विद्यालयों के उच्चीकरण का उल्लेख किये जाने,
19. राज्य में योग विषय को स्कूलों में अनिवार्य विषय बना कर योग प्रशिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया प्रारम्भ करने,
20. जिला चिकित्सालयों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती किये जाने,
21. राज्य में अनुसूचित जाति/ जनजाति के लिये योजना बनाये जाने ,
22. राज्य में अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिये योजना बनाये जाने,
23. राज्य में मदरसों के आधुनिकीकरण किये जाने,
24. राज्य में नये आश्रम पद्धति विद्यालय तथा छात्रावासों के निर्माण किये जाने,
25. राज्य में कर्मचारी समन्वय परिषद का गठन किये जाने,
26. प्रदेश के राजकीय महाविद्यालयों में कार्यरत विजिटिंग एवं संविदा प्रवक्ताओं के समायोजन/ तदर्थ नियुक्ति किये जाने,
27. प्रदेश के सभी ग्रामों को वर्ष 2008 तक विद्युतीकृत किये जाने,
28. राज्य में दैनिक तथा वर्कचार्ज कर्मचारियों के विनियमितीकरण किये जाने,
29. विद्युत विभाग में कार्यों के ठेके प्रदेश से बाहर के बड़े ठेकेदारों के स्थान पर स्थानीय बेरोजगारों को दिये जाने,
30. प्रदेश के किसानों एवं गरीब जनता के लिए प्राकृतिक आपदा बीमा योजना प्रारम्भ किये जाने,
31. राज्य में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों की पदोन्नति किये जाने,
32. राज्य के शिक्षा आचार्य/ अनुदेशकों/ स्वयं सेवकों को शिक्षा मित्र के रूप में समायोजित किये जाने किये जाने।

2. श्री केदार सिंह रावत

प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ दिया जाए:-

"किन्तु खेद है कि श्री राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में निम्नलिखित का कोई उल्लेख नहीं किया है :-

1. रवांल्टा जौनपुरी समुदाय को केन्द्रीय अनुसूची में जोड़ने हेतु सरकार द्वारा अपनी संस्तुति करने,
2. बड़कोट एवं चिन्यालीचौड़ राजकीय महाविद्यालयों के भवनों के निर्माण किए जाने,

3. उत्तरकाशी जनपद में पर्यटन निदेशालय को स्थापित करने,
4. राज्य में नये जिलों के सृजन किये जाने।

3. श्री बलवीर सिंह नेगी

प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ दिया जाएः-

"किन्तु खेद है कि श्री राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में निम्नलिखित का कोई उल्लेख नहीं किया है :-

1. राज्य में ऊर्जा प्रदेश बनाने हेतु पूर्व में घोषित योजनाओं के क्रियान्वयन तथा प्रभावी नीति बनाने,
2. प्रत्येक विधान सभा क्षेत्र में माननीय विधायकों को वित्तीय वर्ष 2010-2011 में कम से कम 50 कि0मी0 नवीन मोटर मार्ग निर्माण, 40 कि0मी0 डामरीकरण, 5 झूला पुल, 5 नवीन इण्टरमीडिएट, 5 नवीन हाईस्कूल, 5 स्वास्थ्य केन्द्रों, 5 पर्यटक आवास की स्वीकृति प्रदान करने का अधिकार दिए जाने,
3. प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत फार्मासिस्टों की समस्याओं के निराकरण किये जाने,
4. प्रदेश में समस्त बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता दिए जाने,
5. प्रदेश में प्राथमिक विद्यालयों, माध्यमिक विद्यालयों, महाविद्यालयों में प्रधानाचार्य, प्रवक्ता तथा अध्यापकों के रिक्त पदों को भरे जाने,
6. जनपद टिहरी गढ़वाल में धमातोली, दोणी, रगड़ी में मिनी स्टेडियम की स्थापना करने,
7. जनपद टिहरी के अन्तर्गत दैवीय आपदा ग्रसित गांव अगुण्डा, निवाल गांव, मेड, कोट विशन, पिन्श्वाड़ दैवीय आपदा से प्रभावितों का पुनर्वास करने, व दैवीय आपदा से निपटने हेतु विशेष कार्ययोजना बनाये जाने,
8. जनपद टिहरी गढ़वाल के विकास खण्ड भिलंगना की दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त नहरों के नवनिर्माण करने,
9. टिहरी बांध प्रभावितों के प्रत्येक परिवार को रोजगार व पुनर्वास करने तथा प्रत्येक वयस्क को पूर्ण परिवार का दर्जा देने,
10. जनपद टिहरी गढ़वाल के मगरों, निवाल गांव, तलिया वन, रगड़ी, केपार्स आदि हाईस्कूलों का इण्टरमीडिएट तक उच्चीकरण करने तथा जूनीयर हाईस्कूल कठैती, गंगी, पिन्श्वाड़, दोणी, पाख, जसपुर का हाईस्कूल तक उच्चीकरण करने,
11. जनपद टिहरी गढ़वाल के कोट विशन, घनशाली घौणी खाल, घनशाली अखोड़ी मूलगढ़ मोटरमार्ग, पोखार घुत्तू, देवलंग मोटरमार्ग, चमियाला-लम्बगांव मोटर मार्ग, मूलगढ़, थार्ती मोटर मार्ग बूढ़ाकेदार झाला पिन्श्वाड़ मोटरमार्ग, विनकखाल मोटर मार्ग का सुदृढ़ीकरण, डामरीकरण,

12. जनपद टिहरी गढ़वाल के सभी परिवारों को टिहरी बांध से निःशुल्क बिजली देने,
13. शिक्षा बन्धु, शिक्षा मित्र, शिक्षा आचार्यों को नियमित करने,
14. पर्यटन विकास के लिए जनपद टिहरी गढ़वाल के विकास खण्ड भिलंगना में स्थित धार्मिक व पर्यटक स्थलों बूढ़ाकेदार घुत्तू, मासरताल, जरालताल, मज्याड़ताल, लम्बताल, लिंगताल, मासूताल, सहस्त्रताल, क्यार्खी बुग्याल, कूशकल्याण, बुग्याल, झाला, बेलक, खतलिंग, गंगी, पिव्श्वाड़, बिशोन पर्वत, जगदीशिला, रतकोट, मासरताल, बाला सुन्दरी, बेलेश्वर, दूदाधारी, ज्वालामुखी, राजराजेश्वरी, हटकुणी, तिनगढ़, रानीगढ़ को चिन्हित कर विकसित करने,
15. उत्तराखण्ड में होमगार्ड के वेतन में प्रतिदिन 50/- रूपये की वृद्धि करने,
16. उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलनकारियों तथा पीड़ितों को विशेष मुआवजा व सम्मान दिये जाने,
17. प्रदेश में फलोत्पादन को बढ़ावा देने हेतु बीमा योजना लागू करने,
18. जनपद टिहरी गढ़वाल के अन्तर्गत चुरेना, बालगंगा, होलाणाखाल, पौखाल में विकासखण्ड खोले जाने,
19. जनपद टिहरी गढ़वाल के अन्तर्गत प्रतापनगर, धनसाली को जिला बनाये जाने,
20. जनपद टिहरी गढ़वाल विनयखाल उतरा में इन्जीनियरिंग कालेज खोले जाने,
21. जनपद टिहरी गढ़वाल के विनयखाल अखोड़ी में महाविद्यालय खोले जाने,
22. जनपद टिहरी गढ़वाल में भिलंगना विकास खण्ड को फलपट्टी घोषित करने,
23. जनपद टिहरी गढ़वाल में सौंप, सुरकण्डा, विनयखाल में लिफ्ट पेयजल योजना को स्वीकृत किये जाने,
24. जनपद टिहरी गढ़वाल के अन्तर्गत भटगांव-लोदस, आर्स पेयजल योजना में पेयजल आपूर्ति किये जाने,
25. जनपद टिहरी गढ़वाल के घुत्तूपंजा से पंवाली कांठा, बूढ़ाकेदार से ज्वालामुखी, लाटा से चूलागढ़, दल्ला से किमुण्डा खाल की यातायात हेतु रज्जूमार्ग बनाये जाने,
26. जनपद टिहरी गढ़वाल के अन्तर्गत बूढ़ाकेदार में चीड़ की पत्तियों पर आधारित उद्योग लगाये जाने,
27. जनपद टिहरी गढ़वाल के बूढ़ाकेदार, बिनकखाल, देवठ, धमातोली, अखोड़ी में स्टेट बैंक की शाखा खोले जाने,
28. जनपद टिहरी गढ़वाल के सभी अशासकीय विद्यालयों को अनुदान सूची में लिये जाने,
29. जनपद टिहरी गढ़वाल के अन्तर्गत तहसील घनसाली के भलेटी खवाड़ा में हवाई पट्टी की स्थापना।

4. श्री राजेश जुवांठा

प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ दिया जाएः-

"किन्तु खेद है कि श्री राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में निम्नलिखित का कोई उल्लेख नहीं किया है :-

1. जनपद उत्तराकाशी के रंवाई घाटी को केन्द्रीय सूची में सम्मलित करने हेतु भारत सरकार को प्रस्ताव भेजे जाने,
2. जनपद उत्तराकाशी के रंवाई घाटी को जिला बनाये जाने,
3. जनपद उत्तराकाशी के रंवाई घाटी में इंजीनियरिंग कालेज की स्थापना किए जाने,
4. जनपद उत्तराकाशी के रंवाई घाटी में मेडिकल कालेज की स्थापना किए जाने,
5. जनपद उत्तराकाशी के अन्तर्गत भवन विहीन हाई स्कूल और इण्टर कालेज का भवन निर्माण किये जाने,
6. जनपद उत्तराकाशी के रंवाई घाटी के अनुसूचित जाति बाहुल्य गांव का विकास किये जाने।